# हवामहल जोन उपायुक्त ने की सफाई व्यवस्था को लेकर बैठक

जयपुर। नगर निगम हेरिटेज शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर लगातार मॉनिटरिंग कर रही है। इसी क्रम में हवामहल जोन उपायुक्त सीमा चौधरी ने जोन के समस्त मुख्य स्वास्थ्य निरक्षक और स्वास्थ निरक्षक से साथ बैठक की। इस दौरान उपायुक्त सीमा चौधरी ने बताया कि हेरिटेज निगम आयुक्त डॉ निधि पटेल के निर्देश पर सफाई व्यवस्था को सुधारे जाने एवं कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर सभी को निर्देशित किया गया की वार्ड में स्थित सभी ओपन डिपो को पूर्ण रूप से बंद किए जाएंगे। हूपर समय से वार्ड में पहुंचे एवं उस पर हेल्पर अनिवार्य रूप से हो, साथ ही जिंगल बजाया जा रहा हो। इसकी निगरानी प्रतिदिन करनी है। वहीं बाजारों में प्रति दिन माइक से अनाउंस कर व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में 2 डस्टबीन अनिवार्य रूप से रखने के लिए पाबंद किया जाएं, साथ ही गंदगी फैलाने पर चालान किया जाए।




नगर निगम जयपुर हेरिटेज मे पद स्थापित
उपायुक्त हवामहल जोन